Landslide in wayanad district, Kerala

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय): सभापति महोदय, केरल राज्य के वायनाड जिले में आज सुबह के शुरूआती घंटे में भूस्खलन की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। प्रात: नवीनतम जानकारी के अनुसार अब तक राहत कर्मियों द्वारा कुल 49 शवों को निकाला गया है और कई घायल हैं। अब तक दो व्यक्तियों को मलवे से जीवित बचाया गया है और लगभग 250 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और उन्होंने श्री जॉर्ज कुरियन, राज्य मंत्री जी को प्रभावित क्षेत्रों के दौरा के लिए रवाना कर दिया है।

माननीय गृह मंत्री जी ने केरल के माननीय मुख्यमंत्री जी से बात की है और उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत सरकार से हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है और की जाएगी। घटना के बाद तुरंत एनडीआरएफ की दो टीमें, भारतीय सेना के दो कॉलम और दो आईएएफ हेलिकॉप्टरों को खोज और बचाव अभियान में लगाया गया है। तीन बेली पुलों के निर्माण के लिए सेना के मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप के कॉलम तैनात किए गए हैं, जो 4 बजे तक साइट के लिए रवाना हो जाएंगे। एनडीआरएफ सेना, अग्निशमन सेवाओं, नागरिक सुरक्षा, पुलिस और स्थानीय इमरजेंसी रेस्पांस टीम के 300 से अधिक बचाव कर्मियों को बचाव और राहत अभियान के लिए तैनात किया गया है। तलाशी और बचाव उपकरणों के साथ एनडीआरएफ की तीन अतिरिक्त टीमें मार्ग में हैं। खोज और बचाव अभियान के लिए डॉग स्क्वॉयड को भी तैनात किया गया है। सेना के डीएससी सेंटर, कन्नूर की दो टुकड़ियां रास्ते में हैं। त्रिवेन्द्रम की 91 इन्फैंट्री बिग्रेड की दो टुकड़िया स्टैंड बाई पर हैं। उन्हें हवाई मार्ग से कोझिकोड पहुंचाया जा रहा है।

भारतीय सेना के दो हेलिकॉप्टरों को बचाव कार्य के लिए तैनात किया गया है। लेकिन, मौसम खराब होने के कारण उस क्षेत्र में उतरने में असमर्थ है। उन्हें उतारने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस जमोरिन को क्षतिग्रस्त पुल के दूसरी ओर बचाव श्रमिकों की भूमि की आवाजाही स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए तैनात कर दिया गया है। आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त संसाधन भेजे जाएंगे। उच्चतम स्तर पर केंद्र सरकार द्वारा स्थिति की निगरानी की जा रही है। गृह मंत्रालय के दोनों नियंत्रण कक्ष 24x7 स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और राज्य को हरसंभव मदद प्रदान की जा रही है। मैं माननीय सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि केरल के भूस्खलन प्रभावित लोगों के बचाव के लिए मोदी सरकार राज्य सरकार को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।? (व्यवधान)

[Placed in Library, See No LT 342/18/24]

HON. CHAIRPERSON: No question please.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, you are already well aware that there is no provision for supplementary, or for any question, on any Minister?s Statement.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You are a senior Member of Parliament. You are quite aware that on the Statement of any Minister, no supplementary question is allowed.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति: आप सुसंगत नियमों में दे देंगे तो माननीय स्पीकर साहब उस पर विचार कर लेंगे।

---

* The sign **+** marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

α For Questions and Answers Click Link shown against each Question Number. Edited Questions and Answers are available in Master copy of Debate, placed in Library.

** Question original in English, reply in Hindi.

** Question original in English, reply in Hindi.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

*English translation of the speech originally delivered in Tamil.

** Question original in English, reply in Hindi.

** Question original in English, reply in Hindi.

α For Questions and Answers Click Link shown against each Question Number.

$ Edited Questions and Answers are available in Master copy of Debate, placed in Library.

** Not recorded

.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Introduced with the recommendations of the President.